मूल्य रु. ५-००

श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख • सर्वांग अंक १५० • डिसम्बर-२०१८

कालुपुर मंदिर में दिवाली का उत्सव

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री तथा पू. श्रीराजा के सानिध्य में कालुपुर मंदिर में बालिका की शिबिर

एकादशी यशाब्दी महोत्सव के अवसर पर असारवा गुरुकुल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

कालुपुर मंदिर हवेली में एकादशी जागरण सभा

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - १२ ● अंक : १४०

डिसम्बर-२०१८

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	कालुपुर मंदिर के हनुमानजी	०६
०४.	अत्यधिक करुणा किये है	०८
०५.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के मुख से आशीर्वचन 'स्वरुप अमृत वचन	१०
०६.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१४
०७.	सत्संग बालवाटिका	२१
०८.	भक्ति सुधा	२४
०९.	सत्संग समाचार	२७

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ८२३८००१६६६
मो. ९०९९०९८९६९
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अस्मदीयम्

आप सभी दिवाली के दिनो में छुट्टी के समय धुमने गये होगे । कोई अपने मंदिर में दर्शन हेतु आये होगे । कोई घर पर रहक दिवाली मनाकर आनन्दित हुआ होगा ।

चर्तुमास भी पूरा हो गया और नियमधारियो के नियम की पूर्णाहुति हो चुकी है । सर्वोपरी श्रीहरि के आश्रित लोग जीवन भर नियम चालू रखते है । सुख-दुःख में भगवान को भूलना नही चाहिए । जब कि भगवान श्री स्वामिनारायण अपना कितना ध्यान रखते है । अपना प्रारब्ध ही अच्छा है । वह उनकी कृपा है । हमारे इष्टदेव तथा उनके गुरु रामानंद स्वामी के पास से अपने आश्रितो के सुख के लिये दो वरदान माँगे थे । वह हम जानते है ।

अब १६ दिसम्बर से पवित्र खरमास शुरु होगा । जहाँ-जहाँ पर निवास करने वाले श्रीहरि के आश्रित हरिभक्त श्रीहरि को प्रस्थापित करे । अथवा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री द्वारा प्रतिष्ठित देव मंदिर में प्रातः में श्रीहरि नाम स्मरण धुन करे । परिवार को भी धुन में ले जाये ।

अपना कल्याण करने वाले अपने इष्टदेव सर्वोपरी स्वामिनारायण भगवान है । भगवान स्वतंत्र है । उनसे कोई बड़ा नही है । अपना भाग्य अच्छा है कि ऐसे भगवान हमें मिले है । अपने कही जाने की जरुरत नही है । लोक परलोक के सभी सुख उनके शरण में जाने से स्वयं मिल जाता है । परमकृपालु श्री नरनारायणदेव ने श्रीनगर अहमदाबाद बना कर शोभित किये । इस कारण से यह शहर समृद्ध है । दो सौ वर्ष का पाटोत्सव करीब वर्षो में आ रहा है । हम सभी परमकृपालु श्री नरनारायणदेव के चरणो की प्रार्थना करें की द्विशताब्दी महोत्सव के समय समस्त विश्व आतंकवाद से मुक्त बने और सभी शांति का मार्ग अपनाये । दुश्मनी समाप्त हो और पत्ते-पत्ते पर स्वामिनारायण भगवान का नाम सार्थक हो ऐसी याचना करते है ।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(अक्टूबर-२०१८)

१९ विजय दशमी के ४६ वें प्राकट्योत्सव प.पू. मोटा (बडे) महाराजश्री और प.पू. लालजी महारजश्री के सानिध्य में हरिभक्तो ने धामधूम से मनाया ।

२६ श्री स्वामिनारायण मंदिर बावला पाटोत्सव अवसर पर आगमन ।

२८ बालवा गाँव में श्रीहरि आगमन (२००) वर्ष दिशताब्दी महोत्सव के अवसर पर आगमन ।

(नवम्बर-२०१८)

५ माणसा गाँव में नये मंदिर के भूमि पूजन को स्वयं के हाथो द्वारा करना ।

८ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर नूतन वर्ष पर परम कृपालु श्रीनरनारायणदेव का ऋंगार और अन्नकूट आरती स्वयं के हाथो से किये । बैठक में संत-हरिभक्तो को दर्शन तथा आशीर्वाद दिये ।

१२ श्री स्वामिनारायण मंदिर कांकरिया बालस्वरुप श्री कष्टभंजनदेव का पाटोत्सव अभिषेक स्वंय के हाथो द्वारा किये ।

१३ आनंदपुरा गाँव में कथा अवसर पर जाना ।

१६ नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर सोलैया (ता. माणसा) मूर्तिप्रतिष्ठा स्वयं के हाथो द्वारा किया गया ।

१७ श्री स्वामिनारायण मंदिर कडी पारायण अवसर पर आगमन ।

१८ श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली (अहमदाबाद) पारायण पर आगमन ।

१९ संत महादीक्षा स्वयं के हाथो द्वारा पूर्ण किये, सोनारडा नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर का निरीक्षण करने जाना ।

२१ श्री स्वामिनारायण मंदिर बणोल (भाल) १३ वें पाटोत्सव पर आगमन ।

२२ श्री स्वामिनारायण मंदिर सिद्धिपुर पाटोत्सव पर आगमन ।

२३ श्री स्वामिनारायण मंदिर काली गाँव पाटोत्सव पर आगमन ।

२४ श्री स्वामिनारायण मंदिर सुरेन्द्रनगर पाटोत्सव पर आगमन ।

२५ मुबराकपुरा मंदिर के पाटोत्सव के अवसर पर आगमन ।

२८ से ५ श्री स्वामिनारायण धर्म प्रवास ।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(अक्टूबर-२०१८)

२७ श्री स्वामिनारायण मंदिर बालवा श्रीहरि आगमन (२००) वर्ष महोत्सव के अवसर पर आयोजित समूह महापूजा पर आगमन ।

२८ दहेगाम युवा सत्संग शिबीर पर आगमन ।

(नवम्बर-२०१८)

२८ थुरावास (ईडर देश) युवा सत्संग शिबीर पर आगमन ।

७ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में समूह शारदा पूजन चोपडा पूजन स्वंय के हाथो से किया ।

२० कालुपुर श्री स्वामिनारायण मंदिर रंग महल श्री घनश्याम महाराज का पाटोत्सव अभिषेक हेतु आये ।
श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली तुलसी विवाह के अवसर पर महापूजा का आगमन ।

२७ से ३ अमेरिका धर्म प्रवास

कालुपुर मंदिर के हनुमानजी

– साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)



सर्वावतारी परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारायण ने सर्व प्रथम अहमदाबाद के बारे में सज्ञान लेकर श्री नरनारायणदेव पधारे । श्री नारायण अवतार आदि सत्ययुग में श्री धर्मदेव भक्तिदेवी के द्वारा उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में सोलह वर्ष की उम्र में चार स्वरुप में प्रगट हुए । हरि, कृष्ण, नर, नारायण उसमें हरि और कृष्ण स्वरुप ब्रह्मपुर धाम के मुक्तो ने धारण करके निवास किये थे । और नर स्वरुप में केदारनाथ धाम में अनार के वृक्ष के नीचे बैठ कर कठोर तपस्या कर रहे है । और बद्रीनाथधाम में (बद्रिकाश्रम) में बेर के वृक्ष के नीचे नारायण प्रभु तपस्या करते है । तथा नारायण भगवान की आज्ञा से गंगाजी और अलकनंदा के संगम स्थल देव प्रयाग तीर्थ में धर्मदेव भक्तिमाता निवास करती है ।

श्री नरनारायण अवतार का लाखो वर्ष का इतिहास दे गये । फिर भी भारत में कही भी नरनारायण की मूर्ति को किसी भी धर्म सम्प्रदाय को उपर लिखीत चारो में से एक भी नरनारायण की प्रतिमा स्थापित करने का विचार नहीं किये । जब कि नरनारायण ने कठोर तपस्या करके भरत खंड के भक्तो को कल्याण का फल दिये । तथा भरत खंड के अधिष्ठाता देव रुप में भगवान वेद व्यास के कहने के पश्चात भी पहले के किसी आचार्य ने श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा की प्रतिष्ठित नहीं किये । तभी सर्वावतारी श्रीजी महाराज ब्रह्मांड में सर्व प्रथम श्री नरनारायणदेव की मूर्ति की प्रतिष्ठित करके स्वयं के भगवान को पूजने, सेवा और दर्शन का अवसर दिये ।

तथा वे सर्व प्रथम मंदिर में भरत खंड को पुत्र रुप में भगवान देने वाले माता-पिता धर्मपिता भक्तिमाता की मूर्तियो को अपने हरिकृष्ण स्वरुप के साथ प्राण प्रतिष्ठा करके तथा उद्धव संप्रदाय की रामानुज के विशिष्टाद्वेष सिद्धान्त के मतानुसार गुरु मंत्र की सिद्धि के लिए राधिका सहित श्रीकृष्ण स्वरुप की प्राण प्रतिष्ठा किये । इसके बाद एकबार श्रीहरि अहमदाबाद आये और श्री नरनारायणदेव देव के सानिध्य में भव्य रंगोत्सव किये । उस समय हिराजी नाम का जयपुर का एक पत्थरकट्ट सोमपुरा थे । वे वडोदरा में रहते थे । ये सत्संगीयो से हमेशा जुडे रहते थे । इस कारण से निष्ठावान हरि भक्त हो गये थे । उसका मंदिर में सेवा करने का अति उत्साह था । श्रीहरि का जहाँ पर भी मंदिर

बने वहाँ पर पत्थर के कार्य में भाग लेते थे। मूर्ति बनाने का कुशल गुण उनमें था। जैसी कल्पना करके कहा जाता था। वैसे ही अद्‌भूत मूर्ति बना कर दे देते थे।

श्रीहरि ने अहमदाबाद में हिराजी सोमपुरा को अपने पास बुलाये। उनके कला की प्रसंशा किये। तथा अपनी बात को आगे रखो, कहे कि जैसे हम कहे वैसा ही महावीर हनुमानजी की एक मूर्ति और एक गणपति की मूर्ति बनाकर दे। हम जैसा कहे वैसी ही मूर्ति बनाये जो बात कहे दिल में धारण करे। इस तरह श्रीहरि मूर्ति बनाने के लिये कहे। तब हिराजी सोमपुरा बोले मुझे कागज पर चित्र बनाकर मुझे दे। उस चित्र को देखकर वैसी ही मूर्ति बनाऊ।

तत्पश्चात श्रीहरिने आधारानंद स्वामी को बुलाकर बोले कि, कागज लाईये, जैसा हम बताये उसमें हनुमानजी की मूर्ति बनाइये। आधारनंद स्वामी कागज लाये, उसी समय श्रीहरि पाट उपर खडे होकर हनुमानजी की जो महावीर मुद्रा का दर्शन कराये। उसी अनुसार आधारनंद स्वामीजीने क्षणभर में महावीर मुद्रा की हनुमानजी को कागज पर बना दिया। यह देखकर श्रीहरि खुश हुए। संत और हरिभक्त भी श्रीहरि की ऐसी लीला देखकर खुब खुश हुए। उस कागज को श्रीहरि हिराणी सोमपुरा को दिये। सुंदर महावीर स्वरुप को हृदय में धारण करके हिराजी सोमपुरा बड़े पत्थर में से हनुमानजी की मूर्ति बनाने लगे। महावीर की मूर्ति तो कागज पर बनाई गई थी। लेकिन हिराजी के हृदय में श्रीहरि पाट के उपर खड़े हुए महावीर मुद्रा का स्वरुप हृदय में अखण्ड दिखाई देने लगा। अथार्त मूर्ति को बनाते बनाते हुए हिराजी को कागज पर बनाये गये आधारानंद रचित चित्र को बिना देखे ही श्रीहरि की मुद्रा देखकर दिव्य मूर्ति बनाडाले। यह ऐसे की सामने देखने पर भक्त को शांति भी मिले तथा अभक्त को भ्रम हो जाये।

हिराजी सोमपुरा जब बना रहे थे तब श्रीहरि के पास जाकर बैठते, और अमृत बचनो से हिराजी की प्रशंसा करते थे। मात्र एक महीने में ही महावीरजी की मूर्ति तैयार हो गयी। उस विशालकाय रुद्रावतार महावीर स्वरुप को श्री नरनारायणदेव मंदिर के सामने दक्षिणामुखी हनुमानजी और उत्तरमुखी गणपति की स्थापना स्वयं श्रीहरि अपने हाथ से पूजा आरती किये।

भक्तो जब जब महावीर हनुमानजी का दर्शन करे तब श्रीहरि महावीर मुद्रा में खडो हो ऐसा दर्शन होता है।

श्रीहरि जब जब अहमदाबाद आते थे तब-तब श्री नरनारायणदेव के सामने एक नजर से मूर्ति को देखते थे तथा महावीर हनुमानजी के सामने खड़े रहते थे।

समस्त सत्संगियो को सूचना

श्री नरनारायणदेव देश के सभी श्री स्वामिनारायण मंदिरो के कोठारीश्री, कार्यकारिणी कमेटी के सभी सदस्य प्रतिनिधि और श्री नरनारायणदेव युवक मंडल आदि सभी को विशेष सूचना है - अनुरोध है कि (हमारे भाइयो बहनो के मंदिर में) अपने अहमदाबाद, मूली, भूज-कच्छ देश के संत सिवाय अन्य कोई (देव की संस्था के साथ न जुडी हो) प्राईवेट संस्था रखने वाले हरिभक्त संत की अग्रणी को हमारे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की लिखित आज्ञा के विना कोई प्रवृत्ति अपने मंदिर में नही करने दे। (जिससे कथा, वार्ता सभा आदि) गाँव कि हरिभक्तो के बच्चे जिस भी संस्था में पढते हो उन्हें भी सूचना है कि अपने मंदिर में सभा के लिए मना करे। उपरोक्त सूचना प्रत्येक गाँव के हरिभ्कतो को विशेष ध्यान देना है।

अत्यधिक करुणा किये है

– शा. स्वा. निर्गुणदासजी (अमदावाद)

अष्टपदी

तरुणं लोकयचातिकरुणं कृष्णं पथि हे सखी मम् रज्जनम् ॥ तरुणं....१
आवयमानं कलरवगानं विधुमुखबालानन्दनम् ॥ तरुणं....२
बपुषि नीले गजगतिलीले दधतं तु केसरचंदनम् ॥ तरुणं....३
चेतो हरन्तं सखि विहरन्तं कुसुमहारमीशमण्डनम् ॥ तरुणं....४
चंञ्चलदृष्टिं कृतलोकसृष्टिं अजितमदनमदगञ्जनम् ॥ तरुणं....५
सुमनोऽनुकूलं मंगलमूलं कुपथदेशिकमतखण्डनम् ॥ तरुणं....६
धृतसितवसनं मुखमितहसनं विधिभवदेवकृतवन्दनम् ॥ तरुणं....७
उपचितसेवं कविवासुदेवं तं पाति कलिकालकम्पनम् ॥ तरुणं....८
॥ इति श्रीवासुदेवानन्दवर्णिरचिताऽष्टपदी सम्पूर्णा ॥

भगवान श्री स्वामिनारायण के महान परमहंसो में जो भगवदनिष्ठा सर्वोपरि उपासना जो सर्वोत्कृष्ट भी है । उन परम हंसो में सबसेप हले नाम वर्णिराज श्री वासुदेवानंद को माना जाता है । क्योंकि उनेक द्वारा रचित ग्रन्थो में उनका प्रत्यक्ष दर्शन होता है । श्रीमद् सत्संगिभूषण ग्रन्थ में परब्रह्म परमात्मा भगवान श्री स्वामिनारयण की उपासना भक्ति और शरणागति से जीवात्मा को मोक्ष अर्थात् अक्षरधाम की प्राप्ति होती है । यह स्पष्ट रुप से प्रतिपादित किया गया है । उसी प्रकार उनके द्वारा रचित स्त्रोतो में भी सवर्त केवल भगवान श्री स्वामिनारायण और उनका क्या सखा भाव है उसका सुंदर वर्णन है । उनके शब्दो पर विचार करे ।

तरुणं लोकयचातिकरुणं कृष्णं पथि हे सखी मम् रज्जनम् ॥ तरुणं....१

वर्णिराज श्री वासुदेवनंद स्वामी भगवान श्री स्वामिनारायण स्वभाविक स्वभाव की बात करते है । स्वयं के साथ विचरण करने वाले और वे ही भगवान श्री स्वामिनारायण के अनन्य एकान्तिक परम भक्त ऐसे पाँच सो परमहंसो में से कोई एक वे ब्रह्मानंद स्वामी या महानुभावानंद स्वामी कोई भी हो सकते है । जो परमात्मा की सखा भाव से भक्ति करते है । उन्हें कहते है कि देखो मेरे सखा अर्थात् भगवान श्रीहरि सहजानंद स्वामी कितने सुंदर रुपवान लोगो में दर्शन दे रहे है और उनका हृदय भक्तो के उपर करुणामय है । जिससे दर्शनक रे वाले के चित्त को अपनी तरफ खींच लेती है । दूर-दूर को यात्रा करके यहाँ पर दर्शन के लिये आते है । रास्ते में चलकर आने से थकावट प्रभु श्री कृष्ण पुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी को देखकर परमानंद में बदल जाता है । और मेरे हृदय में अति आनंद हो जाता है ।(१)

आवयमानं कलरवगानं विधुमुखबालानन्दनम् ॥ तरुणं....२

जिस प्रदेश के नगर में बडे-बडे समैया उत्सव और जन्माष्टमी आदि होती है । तब लोग सभी संतो को दर्श; करने के लिए बुलाते है । तभी संतो के मंडल आने लगते है उनके दूर से आने वाली आवाज की कलरव सुनकर शीघ्रातिशीघ्र दर्शन करने का मन हो जाता है । तब श्रीहरि माता भक्ति देवी वालादेवी के पुर के पूर्णिमा के समान प्रफुल्लिति कमलवत मुख को देखकर दूर-दूर से आने वाले दर्शनर्थी रास्ते में थकावट हो जाने से जब वे प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है ।(२)

बपुषि नीले गजगतिलीले दधतं तु केसरचंदनम् ॥ तरुणं....३

मनुष्य शरीर धारण किये है । ऐसे परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि अषाढ़ महीने के बादल, आकश जैसे श्याम सुंदर शरीर को धारण किये है । ऐसी दिव्य शरीर ऐसा लगता है कि सामने से कोई बड़ा मदमस्त हाथी चलकर आ रहा हो । भव्य चाल से आते श्रीहरि के विशाल भाल (मस्तक) प्रदेश में सुंदर सुशोभित केसर और चंदन से सुगन्धित खडा पुंड तीलक और गोल बिन्दी धारण किये । ऐसा

दर्शन हो जाने से दूर-दूर देशान्तर में विचरण करते यहा दर्शन हेतु पधारने की थकावट प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है।(३)

चेतो हरन्तं सखि विहरन्तं कुसुमहारमीशमण्डनम् ॥ तरुणं....४

हे सखी देखो तो प्रभु इस गाँव से उस गाँव इस भक्त से उस भक्त तक विचरण करते हुए। दर्शन देते हुए मेरे तथा समस्त दर्शनार्थी भक्तो के चित्त को अपने दिव्य और सुशोभित पुष्पो से ढके स्वरुप में बीच लेते है। दूर-दूर से दर्शन हेतु यहाँ पर आते है तथा रास्ते की थकावट उस प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है।(४)

चंञ्चलदृष्टिं कृतलोकसृष्टिं अजितमदनमदगञ्जनम् ॥ तरुणं....५

इस श्रीहरि की दृष्टि अति चपल और चंचल है। यह प्रभु की नजर पडते ही चौदह लोक सहित सभी ब्रह्मांडो की उत्पत्ति स्थिति और प्रलय होती है। यह मात्र केवल उनकी दृष्टि की शक्ति ही है। संसार में सभी को पराजित करने वाले, कोई जीत न सके ऐसे साक्षात् कामदेव के गर्व को नाश करने वाले ऐसा तो उनका रुप है। दूर-दूर से यात्रा करके यहाँ पर दर्शन हेतु आते है रास्ते के सभी कष्ट आपके प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है।(५)

सुमनोऽनुकूलं मंगलमूलं कुपथदेशिकमतखण्डनम् ॥ तरुणं....६

श्रीहरि के कंठ से अमृत जैसे शब्द मनुष्य को तत्काल अच्छे लगते है। अर्थात् सबको प्रिय लगता है। उनके वचन को मानकर पालन करते है और आश्रित बनते है। वे सभी जीवो का सदैव सर्व सभी प्रकार से मंगल करते है। तथा मोक्ष की प्राप्ति कराते है। मोक्ष के विपरीत निर्दोष भोले लोगो को भरमाकर कृपया पर ले जाने वाले दुष्ट बुद्धि वालो के मत का खंडन करके सत्य सनातन जो परमात्मा की भक्ति रुप मार्ग पर जीवो को लाते है। दूर-दूर से चलकर दर्शन हेतु आने पर शरीर की थकान प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है।(६)

धृतसितवसनं मुखमितहसनं विधिभवदेवकृतवन्दनम् ॥ तरुणं....७

इस पृथ्वी पर भयानक कलियुग में अवतार लेकर मनुष्य चरित्र में प्रभु हमेशा सुंदर श्वेत सादा सफेद वस्त्र अपने अँग के उपर धारण किये है। जो जीवो को शीतलता, सुख शांति देती है। और आप के कलमवत मुख मंडल पर सदैव मंद-मंद हास्य के साथ आनंद दे रहा है जिससे जीवो के हृदय में से शोक चिंता और दुख दूर हो जाता है इस कारण से बड़े बड़े देव साक्षात् ब्रह्मा, शिव और इन्द्र आप के श्री चरणो में हाथ जोडकर वंदन करते है। प्रणाम करते है। दूर-दूर से दर्शन हेतु आने पर लगी थकान प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है।(७)

उपचितसेवं कविवासुदेवं तं पाति कलिकालकम्पनम् ॥ तरुणं....८

उस भगवान श्रीहरि सहजानंद स्वामी श्री स्वामिनारायण महाप्रभु का सेवक में कवि वासुदेवानंद वर्णी उनकी कृपा से श्रीहरि की अंगत सेवा जैसे प्रातः काल में नित्य कर्म पूजा के उपकरण वर्तन, वस्त्र को धोना तथा स्वच्छ रखने की सेवा का अवसर मिला है। इस कारण से मेरे हृदय में से कलियुग में धार्मिक जीव के हृदय को कपा देने वाले अंतःशत्रुओ काम, क्रोध, लोभ आदि नष्ट हो गया है। और अन्तःकरण निर्मल हो गया है। इस कारण से प्रभु का वास हुआ है दूर-दूर से विचरण करके यहाँ पर आने से होने वाली थकान प्रभु श्रीकृष्णपुरुषोत्तम नारायण श्री सहजानंद स्वामी की करुणामयी रुप देखकर खुश हो जाते है और हमारा हृदय अति आनंद से लहरित हो जाता है।(८)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के मुख से आशीर्वचन

'स्वरुप अमृत वचन

संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

परमपूज्य महाराजश्री के ४६ वे जन्म उत्सव के अवसर पर अहमदाबाद मंदिर (विजया दशमी-२०१८) : उपस्थित सभी संत हरिभक्तो ने धन्यवाद दिये प.पू. महाराजश्रीने कहा कि संतो के साथ सदैव हमारा लगाव रहा है। तथा सदैव रहना भी है। हरिभक्तो के साथ भी यहीं भावना रही है। समय बचाकर आना कठिन कार्य है। भुज से संत आये है। सांख्ययोगी बहने भी अधिक संख्या में आयी है। ऐसा समाचार मिला है। हमारी आन्तरिक भावना है कि नरनारायणदेव का पाटोत्सव हो तो ऐसी व्यवस्था हो। नरनारायण है तो हम लोग है। अभी आरती लेने गये किसी भाईने कहा आशीर्वाद दीजियेगा। तो हमने कहा कहाँ से लाये ? सामने देव है उनके कृपा से हम आप सीधे ही आर्शीवाद माँग लो। सरल बात नही है। किसी को ऐसे मिलता है। हमें तो मिला है। भुज से जो संत आये है तो आप सभी पाटोत्सव में आइयेगा। हम भुज ४० बार आये है। महाराजने त्याग करके मंदिरो का निर्माण किये। सर्व प्रथम और नींव का प्रथम मंदिर तो अपना अहमदाबाद का मंदिर है। सांख्ययोगी बहने, वाडासर और मांडवी से आये सभी से धन्यवाद के साथ इतनी विनती है कि संकल्प करे तो देव के लिये करो हम तो आज है कल नही। देव तो स्थाययी रहने वाले है। यह प्रथम बिन्दु बोले है लिखकर रखे। देव का पाटोत्सव, शिखरबध्ध मंदिर हो वहाँ के देव के पाटोत्सव की तारीख में मैं कभी छोडता नहीं हूँ। कोई लिखे या न लिखे हम पहुंच ही जाते है।

आज एक विशेष दिन है। हमारा जन्मोत्सव या दशहरा के कारम नही, मंदिर के बगल में अनाथाश्रम बन रहा है ईस कारण से आया हूँ। यह समाज के लिये अच्छी बात नही है कि इस लिये इसे उद्घाटन नही कहूँगा। माता-पिता, दादा-दागी को वृद्धाश्रम में रखे तथा वृद्धाक्षम का उद्घाटन शब्द प्रयोग करे यह समाज में अपमान स्वरुप है। समय हो तो "आँगन" में चक्कर लगाये। टी.वी. में भी कही आ रहा होगा। कही पर माँगा नही। आप मंदिर में १ रुपये से लेकर लाख रुपये देते है। उसी पैसे का उपयोग समाज में उपयोगी तथा मंदिरो में करते है। कोई आग्रह करके देना चाहता है तो उनको कारोबारी से रसीद दिला देते है। १० वर्ष पहले गादीवालेने संकल्प किया था। डेढ घंटे के बच्चे को कोई डस्टबिन में डालकर चला जाय तो ऐसा लगता है कि उस बच्चे ने क्या पाप किया है। उसका क्या अपराध है। अपने संस्था के पास ह्यूमन, आर्थिक, प्रशासनिक इत्यादि तमाम क्षमता होने के कारण घर से प्रारम्भ करे ऐसे संकल्प थे। महाराज उस समय अन्नक्षेत्र चालू किये। कुआँ और पोखरे बनाये यह मानवता के कार्य है यह जानकारी हेतु है। कुछ नया नही किये। आंगन के लिए फ्रीज, कुलर, टेबल, इत्यादि वस्तुए लोग सामने से आकर हवेली में सांख्ययोगी बहनो के द्वारा दे जाते है। अभी कुछ दिन पूर्व हम बलदिया कच्छ में थे। तभी एक भाई २५ लाख का चेक लेकर आये और हमने कहा मैं यह नही स्वीकारता क्योकि यह देव का है ये आप का ही है और आप का ही हम खाते है।

आँगन में जो मूर्ति स्थापित है उसकी आरती गादीवाल तथा श्रीराजा बहनो के साथ करेगे। बीते हुई

दिन में तीन बजे तक आंगन को पूर्ण करने के लिये जिन लोगोने मेहनत किया है उन सभी को धन्यवाद मानवता जीवित रखने के लिए ये समप्रदाय है। केवल दिवाल के सामने बैठकर माला फेरने के लिए ये सम्प्रदाय नहि है। यह महाराज का सिद्धान्त है । १० करोड वाले इस प्रोजेक्ट की पूर्णता के लिये ९९.९८% दान मिला है। इसका भूगतान अपने मंदिर के कोठार द्वारा किया गया है। ये तो केवल वार्षिक प्रगति दे रहा हूँ कि अपने मंदिर द्वारा क्या-क्या होता है। अभी कार्यालय में बैठा था। आँगन प्रोजेक्ट को पूर्ण करने की जिम्मेदारी करशनभाई राधवाणी को दी है। उनसे पूछे कि आप के द्वारा कितने प्रोजेक्ट आप के हाथ से ड्रोईंग हुए है। तब वे बोले, १० प्रोजेक्ट का मुझे ज्ञान है। दूसरा सत्य यहा है कि दूसरे ५० प्रोजेक्ट सीधे कालुपुर मंदिर के नियन्त्रण में निर्माणाधीन है। यह आप के पैसे से ही हो रहा है ? माँगने के लिये नही कर रहा हूँ। लेकिन हमें गर्व है कि देव के अर्थ हेतु हो रहा है। मोटा बापजी ने संस्कार दिया है कि देव के लिये जो हो उसमें कमी न करो। मैं सीख कर तो नहीं आया था। यह संस्कार वारसागत प्राप्त हुआ है । वारसा लेकर ही मेरा जन्म हुआ है। देव के लिए आधी रात में बैठा हूँ। और संत भी बैटे है। और आप की मुझे सूचना भी है। यह अपना परिवार हे। शेष देव के अलावा जो हो रहा है उसमें मेरा रस नही है।

अब बात कर रहा हूँ। अपनी परम्परा और धरोहर को सुरक्षित करना। अपने मंदिर के सभा मंडप के स्तम्भ पर का नक्शी कार्य आप देख रहे है। उस पर ४०० पेज की सरकार ने पुस्तक लिखी है। वर्ल्ड हेरिटेज में अहमदाबाद का नाम है । और इस हेरिटेज की बात अपने कालुपु रमंदिर से शुरु होती है। जिसका आप शभी को ज्ञान है। धरोहर बचना अपना कार्य है। मोटा बापूने म्युजियम का संकल्प बनवाये तो सुरक्षा अपना कार्य है न ? यदी नही करते तो सुरक्षित रहता ? ये पुस्तक मिलती ? कौन सी पुस्तके ? नंद संतो द्वारा लिखी मूल प्रतितिखि । अभी रास्ते में ही मोटा बापजी बात किये कि आने वाले वर्ष में सरस्वती का पूजन म्युजियम में किया जाय। जिस में स्टेज पर शिक्षापत्री को सर्व प्रथम रख कर नंद संतो रचित प्राचीन प्रति-पूजन आरती की जाये । क्योकि महाराज ने कहा है मेरी वाणी ही मेरा स्वरुप है। आप सभी वहाँ आयेगे ये मुझे विश्वास है। हमारी ट्रेडिशन विरासत सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण है । घनश्याम महाराज का दर्शनक रके अपने कच्छी कीर्तन मंडल के साथ खडा हूँ। अपनी ये कुछ परम्पराये भूल न जाये उसे बचाना पडता है। प्रान्तीय परम्पार ये कच्छ की हो, उत्तर गुजरात, सांबरकांठा, पंचमहल, झालावाड या कोई अन्य क्षेत्र का उसे सुरक्षित रखना अपना काम है । आपसी सहयोग के बिना कुछ नही हो सकता है। उत्सव समैया में ये हमारी विरासत विशेष रुप से दिखायी देती है ।

ऐसी ही एक बात हमने प्राचीन खिडकी दरवाजो टेडिशनल वस्तुओ की है। इसका कागज भेजा गया है। पत्र हमारे पास आ गये है। इसकी जानकारी कोठार में करा दे। १०० वर्ष के आस-पास खिडकी दरवाजो को आप भंगार में देना चाहते है तो हमशे अवश्य बताये। यदि आप कहेगे तो धन भी देगे और ले लेगे । इसका उपयोग करके अच्छा कार्य करना है। मिट्टी की पुताई पर चलना अच्छाल गता है। नलिया वाले घर में खटिया पर सोना मजेदार लगता है। ऐसी ए.सी. वाले कमरे से आता है। ए.सी. में से उठने पर तकलीफ हो जाती है। परम्परा हरिभक्त यहा पर आये है।

कार्यक्रम पूर्ण हो जाने के बाद बहने सर्वप्रथम

'आंगन' में जायेगे । हमारा अवसर बाद में है । मैं विचार करता हूँ कि कुछ लोग मात्र नारी शक्तिकी बाते करते है । जब हम लोगने नारी क्या कर सकती है । सच्चे अर्थ में बता दिये है । मैं वहाँ नही जाने वाला हूँ । आज तक गया भी नही हूं । गादीवाला देख-रेख रखने वाले है । उनके सात बहनो की टीम है । स्त्री शक्ति का एक अभिगमन है । अनपे बेटी-बहनो को भी इस कार्य में जूडने के लिये प्रेरणा दे । भगवान खुश है । कथा वार्ता से अच्छे गुण आते है । लेकिन सत्संग के द्वारा और अच्छे गुण आते है । ये प्रोजेक्ट आप के द्वारा ही है । आप के लिये है । विशेषकर कच्छ के हरिभक्त चारो तरफ सेवा करते है । लेकिन फिल्टर करके सेवा करना । सच्चे से विचार कर कहाँ जाना है या नही जाना है । जाना चाहिए । लोग हमारे मंदिरो के नाम से ले जाते है । आप को रसीद भी देगे । आप के नाम की थैली भी दिखा सकते है । नरनारायणदेव या राधाकृष्णदेव कानाम भी हो लेकिन वह देव का खाता नहीं भी हो । इसके चेक करे कि रसीद मान्य है कि नही है ?

यह हम सबका परिवार है । और अपने बाप सामने बैठे है । नरनारायणदेव । २०० वाँ पाटोत्सव की तैयारी हो इससे पहले कई प्रोजेक्ट होते रहगे । यह भगवान करते और कराते है । लालजी महाराजश्री ने कहा कि हम अपनी शक्ति अनुसार सहयोग देगे । मात्र सहयोग किस लिये ? जो कार्य में शुरु करता हूँ वह छोड देता हूँ आगे आप को ले जाना है । आप का है आप को करना है । यह विरासत प्रत्येक बच्चे-बच्चे को देना है । हमे तो मोटा बापनी ने संस्कार दिया है इसी लिये कोई प्रतिष्ठा की तारीख लेने आता है तो तुरंत कहता हूँ कि दस्तावजे लाईयेगा । तब मैं खराब लगता हूँ । लेकिन सत्य यह है कि देव के दस्तावेज विना हमे कोई रसनही है और आप को भी बता रहा हूँ कि देव के दस्तावेज बिना १ रुपिया भी न दे । हमारे प्रत्येक गाँव में प्राचीन परम्परा रही है कि मंदिर बना चाहे वो खाखरिया, उत्तर गुजरात, झालावाड या चोरासी गाँव यह किसके नीयन्त्रण में है ? कौन मालिक ? कोई कागज क्लीयर नही तो बाद में क्या ? मानलीजीए दूसरे समूह की बहुमति हो जाये । पहले की मूर्ति बाहर रख दे, बाद में अंदर-अंदर सिंहासन पर आजाये तो आप क्या करेगे ? आप जब तक हे तब तक भी हो । आप के पीढी के बाद भी न हो, बाद बाली पीठी की जिम्मेदारी कौन लेगा ? भविष्य की सुरक्षा के लिये आप से सजग रहना पडेगा । हम इस लिये दस्तावेज और विलीनी करण का आग्रह रखते है । अभी तीन मंदिरो का चेरिटी आयुक्त द्वारा विलीनीकरण किया गाय है । हमारा तो कार्य बढ गया । प्रत्येक मंदिर का रिटर्न फाईल करना प्रशासनिक कार्य बढ जाता है । फिर भी संस्था की सुरक्षा के लिये यह कार्य करते है । ८०% को यह ज्ञात है । इसलिये प्रत्येक गाँव के मंदिर का

नीचे के महामंदिरो में नित्य दर्शन के लीये

जेतलपुर : www.jetalpurdarshan.com
छपिया : www.chhapaiya.com
नारणघाट : www.narayanghat.com
प्रयाग : www.prayagmilan.org
ईडर : www.gopinathjiidar.com
महेसाणा : www.mahesanadarshan.org
टोरडा : www.swaminarayanmandirtorda.com
वडनगर : www.swaminarayanmandirvadnagar.com
अयोध्या : www.ayodhyaswaminarayanmandir.com
नारणपुरा : www.sankalpmurti.org
धोलका : www.swaminarayanmandirdholka.co.in

७/१२ की नकल, पंचायत में या गाँव की आफिस में हो क्लीयर होना चाहिए । यह महत्व पूर्ण विषय है । यदि क्लीयर नही है तो जिम्मेदारी कैसे लगे ।

कई लोग आज कल मंदिर, प्रसाद की जगह, खेत इत्यादि बेचने का व्यवसाय शुरु किये है । और बाद में कहते है आप मंदिर बेचने निकले है । ऐसा कोई मिले तो सर्व प्रथम कागज मागियेगा हम खरीद लेगे । इसलिये सबसे आग्रह है कि किसी की बात में न आये । कहीं पर ऐसा ज्ञात हो तो अपने विस्तार के संत को बताये, कोठार में सूचना दे, मुझे बताये कही पर तो हम मिलेगे । आप को बता देगे यह अपना है कि नही. क्या कर सकते है ? सही सिक्का करना अति सरल है ? यह इस लिये बता रहे है कि प्रसादी की जगह हो या मंदिर की यदि बच जाये तो पैसा मूल्यवान नही है लेकिन जगह की कीमती है । मुझे ज्ञात है कि आप के माता-पिता बुर्जुगो ने पेट काटकर खून पसीना एक करके मंदिर बनाये है । यह कोई गैर जिम्मेदार व्यक्ति न ले सके यह देखना हमारा कार्य है ? इस लिये ध्यान दे । आप को लगे तो हमे बताये । हम सभा या कथा में समय न भीदे । लेकिन इस कार्य में ११०% समय देने की तैयारी है ।

इस तरह संतो में पीछे वासुदेव स्वामी फुल साइज में बैठे है । तथा इस तरह हरिभक्त खडे होकर तप कर रहे है . एक गाँव में सभा संचालक के पीछे खडा भक्तो को कहते है सभी सभा मंडप में बैठ जाइये । हम बोले खडे ही सही आये तो है न ! आप की बात नही । आप तो हमेशा आते है । रेलिंग सजाइये १२५ वर्ष हो गये गिरा भी नही गिरने भी नही देगे । अभी १००० वर्ष तक गिरे नही ऐसा है । नरनारायणदेव की गद्दी में कुछ नहीं होगा । ये देव-चार हाथ वाले नही आठ हाथ वाले है । महाराज और इस नरनारायणदेव में लेश मात्र बदलाव नही । मेरा जन्म दिन नही लेकिन हम सब मिले ये आनन्द की बात है । नरनारायणदेव के लिये कार्य हो रहा है । बड़े युवको को मार्ग दर्शन दे रहे है । हट जाना नही, लेकिन राहत करने पर भविष्य की पीठी बनती है । आप सभी को महाराज की सेवा के लिये खूब बल मिले ? शक्ति मिले, खुश रहे, हंसते रहे । ऐसी श्री नरनारायणदेव के चरणो में प्रार्थना करता हूँ ।

इस अवसर पर प.पू. लालजी महाराजश्री आर्शीवचन में उपस्थित सभी को धन्यवाद किये । मेरे पिता का स्वास्थ्य ठीक है, और अच्छा रहे । स्वयं स्वयं की शक्ति द्वारा देश-विदेश में पिता द्वारा शुरु किये गये विचारो में सहायक बनू उसके लिये नरनारायणदेव की प्रार्थना करके विशेष में बोले थे । गादीवालाकी इच्छा थी कि पिछेल पाँच वर्षो से जो बहने गाँव में सभा करती है उसका प्रचार हो । इन बहनो की बात करे तो हमारे अलग-अगल जगहो पर जैसे कि गांधीनगर, बापूनगर, निकोल, नरोडा, मेघाणीनगर, कांकरिया, साबरमती, वस्त्रापुर, जीवराजपार्क, बालवा, दरियापुर, मोटेरा, गोमतीपुर, घाटोलडीया इत्यादि जगहो पर बहने महीने में दो बार सभा करती है । गाँवो मे तथा अन्य जगहो पर जाकर एक वर्ष में २०० सभा की है । गादीवाला भी सभा में रहती है । ये बहने अपने खर्चे से गाडी में बैठकर सभा में जाती है । सभा में संख्या कमहोने पर भी नियमति सभा करते है । इन बहनो का खूब धन्यवाद तथा उनके परिवार का सहयोग भी धन्यवाद के काबिल है । हमने तालियो से स्वागत करे तथा हवेली में उन बहनो को गादीवाला की तरफ से स्वयं के हाथो द्वारा आशीर्वाद पत्र अभिनन्दन स्वरुप में देकर प्रोत्साहित किये थे ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

अक्षरब्रह्मांड के नाथ ऐसे भगवान श्री स्वामिनारायण जब भोजन करने बैठते थे। तब का वर्णन करते हुए स.गु. प्रेमानंद स्वामी लिखते है कि –

माथे उपरणी रे ओढी बेसे जमवा, कान उघाडा रे रारवे मुजने गमवा
जमता डाबा रे पग पलांठी वाली, ते पर डाबो रे करमेले वनमाली
जमणा पग ने रारवी उभो श्याम, ते पर जमणो रे करमेले सुरवधाम
रुडी रीते रे, जमे देवना देव, बारे बारे रे पाणी पीधानी टेव

श्रीहरि तो भाव के भूखे है भोजन के नही, वर्णी स्वरुप में पूर्ण उपवास करते थे। कई बार मात्र मीठी आवल का लड्डू खाते थे। छोटे हरिभक्तो के घर पत्ते पर भी खाते थे। तथा राजा-महाराजा के यहाँ सोने की थाली में भी खाते थे। मूर्ति द्वार पर थाल भोग लगाते थे। और व्रत उपवास से देह की शुद्धि भी करते थे। जीवन भगत के मठ के रोटी को भी खाते तथा दादा खाचर के घर जीवुबा लाडूबा अन्नकूट भी खाते थे। कभी स्वयं बनाकर तो कभी मूलजी ब्रह्मचारी के पास से थाल बनवाते थे। कभी अयोध्यावासी के घर खाते तो कभी गंगामाँ के घर खाते थे। .... लेकिन हर बार हरिभक्त के भाव का पान करते थे।

जिस पात्र में त्रिभुवन के मालिक खाते हो। उसका दर्शन सामान्य पुण्य से नही मिल सकता है। जिसके मात्र भोजन करने से ब्रह्मांड के अनन्त जीवो का पोषण होता है। ऐसे श्रीहरि के भोजन के पात्र का दर्शन करने से सुन्दर धन्यता प्राप्त होती है।

इस छोटी थाली कटोरी में ही हरिभक्त हृदय के भाव को मिलाकर खिलाते। इस पात्र में यह गुण है न। श्रीहरि की सेवा आ जाते थे। इस थाली और कटोरी में श्रीहरि स्वयं भोजन किये है। इसके दर्शन के आगे ही श्रीहरि की भोजन करने की छबि उभर आती है। यह मात्र थाली कटोरी नही है। समस्त ब्रह्मांड को ऊर्जा करने वाले अन्नदेव का आश्रय स्थल है।

ताँबा के धातु की मायिक थाली कटोरी का दर्शन अपने स्वामिनारायण म्यूजियम में हाल नं. ६ में है। सभी हरिभक्त प्रेम और श्रद्धा से इनका दर्शन करें। तो मायावी जगत की विषयो की भूख समाप्त हो जायेगी।

– प्रो. हितेन्द्रभाई नारणभाई पटेल

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि

अक्टूबर-२०१८

रु.१,००,०००/-	महेश प्राणलाल परीख - ह. जगदीशभाई शाह(सेमिट्रोनिक) मणीनगर - अहमदाबाद
रु.५,००१/-	अ.नि. जसवंतलाल अमुलखभाई दोशी की प्रथम वार्षिक पुण्यतिथि के अवसर पर - ह. जयेश दोशी - नारणपुरा
रु.५,००१/-	पटेल नटवरभाई परसोतमभाई - विसतपुरा
रु.५,००१/-	बाबुभाई शंकरदास पटेल - बेटी के घर भानजे के जन्म दिनपर - न्यु राणीप
रु.५,००१/-	मीनाबेन के. जोशी - बोपल-अहमदाबाद
रु.५,००१/-	विरल कनुभाई पटेल वृंदा के जन्म दिन के अवसर पर - नवा वाडज

नवम्बर-२०१८

रु.१०,०००/-	हिराणी वनिताबेन मनजी (कच्छ)
रु.५,१५१/-	गीताबेन बलदेवभाई सुहागिया - कर्म शक्ति
रु.५,०००/-	मीनाबेन के. जोशी - बोपल-अहमदाबाद
रु.५,०००/-	कोकिलाबेन विपिनचंद्र - वस्त्राल-अहमदाबाद

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति का अभिषेक कराने वालों की नामावलि

अक्टूबरबर-२०१८

दि. २१-१०-२०१८	ईश्वरभाई त्रिभुवनदास पटेल ० पौत्र व्योमेश के जन्म दिन पर - माणसावाले - सायन्ससीटी

नवम्बर-२०१८

दि. ०३-११-२०१८	डॉ. दिनेशभाई सवजीभाई परमार - जामसर
दि. ०५-११-२०१८	प.पू. बड़े महाराज के शुभ हाथो द्वारा श्री लक्ष्मीपूजन - ह. अ.नि. जसुबा जयदेवभाई ब्रह्मभट्ट परिवार - अहमदाबाद
दि. ०६-११-२०१८	श्री हनुमानजी समूह पूजन काली चौदस पर
दि. १०-११-२०१८	नवीनचंद्र मणीलाल पटेल - मेमनगर
दि. १२-११-२०१८	अ.नि. जटाशंकरभाई पोपटलाल शाह परिवार (सेमीट्रोनिक) अहमदाबाद
दि. १५-११-२०१८	अ.नि. वर्षाबेन नवीनचंद्र पाठक - यु.के.
दि. १७-११-२०१८	खेर शांताबेन नारणभाई - ह. खेर दिनेशभाई दिपुभाई - बलोल-भाल
दि.१८-११-२०१८	(प्रातः) मुकेशभाई मावजीभाई ठक्कर - घोडासर (शायं) डॉ. जिग्नेश शाह फेमिली - टेक्सास
दि. २५-११-२०१८	अ.नि. मणीबेन धरमशीभाई काचा, अ.नि. धरमशीभाई जीवाभाई काचा - ह. प्रागजीभाई, धरमशीभाई काचा - जामसर

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं ।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला २० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है ।

उत्तरायण के पुण्य (झोली) पर्व

नाम : .....

पता : .....

फोन नं. : .....मो. : .....

उत्तरायण पुण्य पर्व

पपू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीने अपने ४५ वें जन्मोत्सव के अवसर पर 'आंगन' की स्थापना की उदघोषणा की। इसीलीए अब नरनारायणदेव देश के सभी शहर और गाँवो के कोठारीश्री और श्री नरनारायणदेव युवक मंडल के प्रतिनिधीयो से यह विशेष नीवेदन है की अपने गाँव में उत्तरायण पर्व झोली निमित्त जो कुछ भी अन्न, रोकड में और जीवन जरुरी अन्य चीजें जो दान में मिले उन सभी चिज वस्तुओ को अहमदाबाद कालुपुर श्री स्वामिनारायण मंदिर में 'आंगन' की कचेरी में भेज कर उसकी स्वीकृति भी लेले। यह सारी चीजो का दान बहुत सारे जरुरीयात मंद लोगो तक पहोंचाया जायेगा। यह संकल्प हमारे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री और प.पू. अ.सौ. गादीवालाश्री का है। इसीलीये यह 'आंगन' सेवा प्रवृति प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री की निगरानी में हमारे सत्संगी महिला भक्तो के द्वारा होगी।

विगत	मूल्य	वजन	प्रति ५ कि. का मूल्य	आपकी सेवा (रु. में)
चावल	३०५०	१०० की.	१५५	
गेहू	२०००	१०० की.	१००	
मग	८०००	१०० की.	४००	
तल	२४००	२० की.	६००	
चनादाल	२४००	१०० की.	६००	
तुवेरदाल	१००००	१०० की.	५००	
मोगरदाल	७२००	१०० की.	३६०	
शुध्धघी	६०००	१ डीबा	२०००	
तेल	१३००	१ डीबा	४३०	
गुड	५०००	१०० की.	२५०	
चीनी	४१००	१०० की.	२०५	
कुल	५१४५०		५६००	

यह दान आप वस्तु या रोकड के रुप में अन्यथा श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर, अहमदाबाद के नाम से चेक या ड्राफ्ट के रुप में भी दे सकते हैं।
स्थान : श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद,
दूरभाष : ८३३८००१६६६, ९९०९९६७१०४

महंत स्वामी
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी के
श्रीहरि स्मृति सहित जयश्री स्वामिनारायण

૧. કુશવાસ (ઈડર) મંદિરમાં યુવા શિબિર પ્રસંગે ઠાકોરજીની આરતી ઉતારતા પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી. ૨. ખાણુસા નૂતન મંદિરનું ભૂમિપૂજન કરતા પ.પૂ.આચાર્ય મહારાજશ્રી. ૩. મહેસાણા મંદિરમાં દિવાળી પ્રસંગે અન્નકૂટ દર્શન. ૪. નાથદ્વારા મંદિરના પાટોત્સવ પ્રસંગે ઠાકોરજીનો અભિષેક કરતા સંતો.૫. બળોલ (ભાલ) મંદિરના ૧૩માં પાટોત્સવ પ્રસંગે ઠાકોરજીની અન્નકૂટ આરતી ઉતારતા પૂ. મહારાજશ્રી. ૬.મહેસાણા ગામના હરિ મંદિરના ૧૦૩માં પાટોત્સવ પ્રસંગે ઠાકોરજીનો અભિષેક કરતા સંતો.

૧. કાલુપુર સ્વામિનારાયણ મંદિરમાં નૂતન વર્ષના ઠાકોરજીની અન્નકૂટની આરતી ઉતારતા શ્રીહરિના છઠ્ઠા, સાતમાં અને આઠમાં વંશજ. ૨. કાલુપુર સ્વામિનારાયણ મંદિરમાં દિવાળી પ્રસંગે સમૂહ ચોપડા પૂજન કરતાં પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી. ૩. કાલુપુર સ્વામિનારાયણ મંદિરમાં કાળીચૌદશના શ્રી હનુમાનજીનું પૂજન કરતાં પ.પૂ. આચાર્ય મહારાજશ્રી અને પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી. ૪. દિવાળી પ્રસંગે પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી અને પ.પૂ. શ્રીરાજા શાહીબાગ કેન્ટોનમેન્ટ (મિલેટરી કેમ્પ)માં ભારતીય સૈનિકોને પ્રસાદ આપવા પધાર્યા તે પ્રસંગે સૈનિક અધિકારી સાથેની તસવીર.

1

2

3

4

5

૧. કાલુપુર સ્વામિનારાયણ મંદિરમાં પ.પૂ.આચાર્ય મહારાજશ્રીના ૪૬માં જન્મોત્સવ પ્રસંગે પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી તથા પ.પૂ. મોટામહારાજશ્રી સાથે કેક કાપતાં પ.પૂ. આચાર્ય મહારાજશ્રી. ૨ પ.પૂ.આચાર્ય મહારાજશ્રીના ૪૬માં જન્મોત્સવ પ્રસંગે કાલુપુર મંદિરના પ્રાંગણમાં નિર્માણ થયેલ "આંગન"ને ખુલ્લું મૂકતાં પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી તથા પૂ.શ્રીરાજાશ્રી. ૩. રંગમહોલ શ્રી ઘનશ્યામ મહારાજના પાટોત્સવ પ્રસંગે ઠાકોરજીનો અભિષેક કરતાં પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી તથા અન્નકૂટ આરતી ઉતારતા પ.પૂ. મોટામહારાજશ્રી. ૪. શરદ પૂનમના શરદોત્સવની આરતી ઉતારતા સંતો. ૫. પ્રબોધિની એકાદશીના દિવસે રાત્રીના શ્રીનરનારાયણદેવ સમક્ષ ઓચ્છવ કરતાં શ્રીનરનારાયણદેવ ઓચ્છવ મંડળ.

૧. કાંકરિયા મંદિરમાં લાભ પાંચમના ભાવ સ્વરૂપ હનુમાનજી મહારાજના પાટોત્સવ પ્રસંગે અભિષેક કરતા પ.પૂ.આચાર્ય મહારાજશ્રી. ૨. સાયન્સ સીટી(અમદાવાદ) કથા પ્રસંગે સભામાં આશીર્વાદ આપતા પ.પૂ.લાલજી મહારાજશ્રી. ૩. માણસા ગામે શ્રી હરિ દ્વિશતાબ્દી આગમનમહોત્સવ પ્રસંગે છત્રીનું પૂજન કરતા, તથા આયોજીત પદયાત્રા પ્રસંગે પ.પૂ.આચાર્ય મહારાજશ્રી અને યુવક મંડળ સાથે દર્શન આપતા પ.પૂ.લાલજી મહારાજશ્રી..૪. સાપાવાડા મંદિરમાં શરદ પૂનમની આરતી ઉતારતા સંતો. ૫.નારણઘાટ મંદિરમાં શરદ પૂનમની આરતી ઉતારતા સંતો .૬. કોથ (રાજસ્થાન) નૂતન મંદિરની ખાત વિધિ કરતા સંત-હરિભક્તો. ૭. ગાંધીનગર(સે.૨)મંદિરમાં શરદપૂનમે યજમાનનું સન્માન કરતા કાલુપુર મંદિરના મહંત સ્વામી તથા સંત મંડળ.

सत्संग बालवाटिका

ऐसा विश्वास चाहिए

– शास्त्री हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

मित्रो ! बात श्रद्धा और विश्वास की है । बाद में क्यो न सेवा की बात हो धर्म की बात हो, भगवान की बात हो, भजन की बात हो, इसमें श्रद्धा और विश्वास से मूल है । जिसकी सेवा में श्रद्धा नही हो शंका हो ऐसी सेवा भगवानभी नही स्वीकारते है ।

आप अधिक मह में भाव का गेहूँ लाये हो, लेकिन भीतर इल्ली और धुन का भंडार हो उस गेहूं को पिसवाने का मन नही करेगा । उसे फेंक देना पडेगा । इसी प्रकार जिसकी श्रध्धा में जीव पड जाते है । ऐसी श्रद्धा भगवान नही स्वीकारते है । जिसकी सेवा करे श्रद्धा के साथ सेवा करे तथा फल प्राप्त होगा ।

श्रद्धा और विश्वास कैसा चाहिए ? इसको समझने के लिए संत कथा में उदाहरण देते है । कोई गुरु और शिष्य यात्रा करे रहे थे । एक के बाद एक तीर्थ स्थल का दर्शन करते हुए दूर चले गये और थक गये थे । रास्ते में पीपल के पेड के नीचे दोपहर में सो गये । शिष्य सो गया. नसकोरा की आवाज आने लगी तथा गुरु जग रहे थे । आवाज आने पर गुरु बैठ गये । बगल में एक साँप चक्कर लगा रहा था । गुरु को समझ आयी की पत्थर निकाल लकडी को पीटे तो यह चला जायेगा । पत्थर उठाने पर एक दम आवाज आई, ''मुझे मारना आवश्यक नही है ।'' आप से मेरी कुछ लेना देना नही है । लेकिन यह सोने कला व्यक्ति पिछले जन्म का दुश्मन है । शत्रु है इस लिये मेरी इच्छा है इसके गले का खून पीना है मेरी शत्रुता तृप्त हो जायेगी । मैं संतुष्टहो जाउगा ।

गुरु को ऐसा लगा कि जन्म-जन्म का प्रारब्ध तो प्रत्येक का अलग-अळग होता है । यह मेरे शिष्य को काटेगा इसके मुँह मे कितना रक्त जायेगा ? लेकिन मेरे शिष्य का जीवन समाप्त हो जायेगा । गुरु शीध्रता से निर्णय लिये । सर्प से पूछे, आप को इसका खून ही पीना है ? हाँ, मेरे मन की एक अतृप्त वासना रह गयी है । मैं इसका खून निकाल कर दूँ तो ? ले, आइसे मुझे तो खून पीना है । गुरुजी झोले में से घूरी निकाले जिससे हमेशा लौकी काटते थे । पीपल का पत्ता लिये ।नसकोरा करते सिष्य के बगल में बैठकर सर्प को खून देना था । इस लिये गले में छुरी चुभाये इतने में शिष्य जाग गया । कौन नही जगेगा ? कैसी भी त्वचा पर छूरी का प्रहार हो तो जीव तो जाग ही जायेगा । शिष्य एकदम आँखे खोला, ये तो गुरुजी है, छूरी लेकर गले पर फेर रहे है । कोई बात नही है । वह पुनः सो गया ? आँख बंद करके सो गया ।

दो-चार बूँद खून का पीपल के पत्तेप र गिर गया । वह पत्ता लेकर गुरुजी साँप के पास रख दिये । सर्प अपनी लहरती जीभ से दो-चार बूँद पीकर चला गया । उसके बदले की भावना शांत हो गयी ।

गुरुजीने देखा । अभी रक्त निकल रहा है । इसलिये पीपल की कोमल-कोमल पत्ती को लेकर पत्थर पर पीस कर लेप बनाकर गले पर लगा दिये । कुछ समय पश्चात शिष्य जगा । पूजा की थैली और सामान उठाकर शिष्य और गुरु तेजी से चलने लगे ।

अब गुरु संशय में आ गये । मुझसे पूछता भी नही कि दूरी क्यो मारा ? यह शिष्य क्यो नही बोल रहा है ? इसके मन में कुछ संसय तो नही है । अर्थात् तुरंत पूछते है कि तुम्हे ज्ञात है क्या मैने तुम्हारे गले पर छूरी से प्रहार

किया था, क्यो किया था ? मुझे जानने की आवश्यकता नही है । आप जो किये होगे मेरे हित में ही किये होगे । ऐसा मुझे दृढ विश्वास है और मुझे श्रद्धा है । आप मुझे फूलो का हार पहनाये तो भी अच्छा गले पर दूरी फेरे तो भी अच्छा ये मेरी श्रद्धा है । अर्थात् जानना आवश्यक नही है ।

भगवान के स्वरुप में ऐसी श्रद्धा हो, ऐसी श्रद्धा के साथ हम ठाकोरजीकी सेवा करे तो ऐसी सेवा भगवान स्वीकारते है । सीधे-सीधे स्वीकार कर लेते है । लेकिन श्रद्धा में शंका हो तो आप याना खाने बैठे तो थाली में कीडा दिखाई दे खाना अच्छा नही लगता है । आप उठ जायेगे । उसी प्रकार जिसकी सेवा में श्रद्धा की कमी दिखाई देती है । तो प्रभु उसे त्याग देते है । सेवा से पूर्व पात्र अवश्य देखे । सच्ची श्रद्धा और विश्वास रखकर भगवान की सेवा और भजन करना चाहिए ।

●

लक्ष्मीजी कहाँ निवास करती है ?

– नारायण वी. जानी (गांधीनगर)

बाल मित्रो ! जिसका लम्बे समय से राह देखते है । ऐसी दिवाली – नया वर्ष मना लिया भी गया । अभी लोग अपने अध्ययन तथा क्रिया कलाप में लग गये है । दिवाली आने पर कैसा माहौल हो जाता है । धर में रंग-रोशन, नये वस्त्रो की खरीदी, फटाकडे, पोडना, एक-दूसरे से मिलने जाना इत्यादि होता है । मंदिरो में कई उत्सव मनाये जाते है । उनका दर्शन करके आनंद आता है । दिवाली के दिन घर में लक्ष्मी पूजन करते है । दिवाली के दिन ही क्यो लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है । दिवाली के दिन ही लक्ष्मीजी का जन्म दिन होता है । इस कारण से उनकी पूजा की जाती है ।

आज जब लक्ष्मीजी-दिवाली की बात हो ही रही है तो एक सुंदर शांत से पढ़ने वाली जीवन में धारण करने वाली बात याद आ गयी है । यह बात किसी एक परिवार की है । यदि इसे ध्यान से पढे और आचरण में लाये तो प्रत्येक परिवार के लिये उपयोगी हो सकती है । जो समाज हित भी करती है ।

एक शहर में अच्छी जगह पर एक हवेली थी । उसमे एक सुखी परिवार रहता था । घर में भौतिक सुख सुविधाव थी ही लेकिन परिवार में सुमति और संस्कार भरा था । प्रतिदिन शायं और सबेरे इस घर में भगवान के साथ लक्ष्मीजी की आराधना होती थी । लक्ष्मीजी एवम् भगवानकी कृपा इस परिवार पर अनन्य थी ।

प्रतिदिन तो पूजा होती ही थी । लेकिन दिवाली के दिन बड़े धूमधाम से सारा परिवार हाजिर होकर विशेष पूजा करते थे । पुरी खुशी के साथ पूजन पूर्ण ही होने वाला था कि इतने में अचानक कमरे में प्रकाश आया । वह प्रकाश ऐसा था कि दीपक मंद पड गये । अचानक प्रकाश देखकर सभी लोग भय से आश्चर्य चकित हो गये । अभी कुछ सोंचते इतने में प्रकाश में साक्षात् लक्ष्मीजी दिखाई दी । सभी लोग हाथ जोडकर माताजी को प्रणाम किये तथा उनके सामने खडे रहे ।

लक्ष्मीजी कृपा करके बोली – आप वर्षो से भगवान के साथ हमारी पूजा – अर्चना कर रहे है । इस लिये आप सभी से प्रसन्न हूँ । वर्षो से आप के घर में सुख-समृद्धि के रुप में निवास करती हूँ । आप को ज्ञात ही होगा कि मेरा स्वभाव चंचल है । मैं कही स्थायी रुप से निवास नही कती हूँ । आप को ज्ञात ही होगा मेरे रहने से वहाँ सात मंजिल मकान बन जाता है । समृद्धि आ जाती है । वहाँ से हट जाने के बाद सब कुछ बिखर जाता है । अपने स्वभावगत गुण के कारण में यहाँ से जाने वाली हूँ. लेकिन आप का घर बिखर न जाये इस लिये एक वरदान माँग लो सुखी रहो इस लिये कहने आई हूँ ।

